# सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया

## महाप्रबंधक ने किया रेलवे स्टेडियम में ध्वजारोहण

जबलपुर 16 अगस्त। संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहाँ **महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ।** रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जोन्स एम्बुलेंस एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने मार्च पास्ट परेड किया। स्टेडियम में रेलवे स्कुल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भारत स्काउट गाइड द्वारा आजादी दिलाने वाले देशभक्त क्रांतिवीरों से ओतप्रोत एक नाटक की प्रस्तुति और देशभक्ति राष्ट्रगीतों को भी गाया गया। इस राष्ट्रीय पर्व पर पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर समारोह में महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, रेल अधिकारीगण, रेल सुरक्षा बल के जवान, एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में बच्चे, परिजन उपस्थित रहे।

**महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने अपने संदेश वाचन** में 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के सभी रेल कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि आज का दिन उन सभी वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा महापुरूषों के संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की यादों को जीवंत करने का दिन है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वत्र न्यौछावर कर स्वतंत्र भारत की नींव रखी। आजादी के बाद हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय रेल का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 103 रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पश्चिम मध्य रेल के 06 स्टेशनों का लोकार्पण किया गया।** इन स्टेशनों में श्रीधाम, कटनी साउथ, नर्मदापुरम, शाजापुर, बून्दी एवं माण्डलगढ़ रेलवे स्टेशन शामिल हैं। पश्चिम मध्य रेल के कुल 53 रेलवे स्टेशनों को 3940 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से ''अमृत स्टेशन योजना'' के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है।

**वर्ष 2025-26 में पश्चिम मध्य रेल को आधारभूत विकास के लिए 11304 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है।**

**वर्ष 2025 के दौरान पश्चिम मध्य रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ** हासिल की हैं। माल यातायात में 32.71 मिलियन टन की लोडिंग की है, जिसमें कोल लोडिंग में 17.5 प्रतिशत एवं कंटेनर में 27.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। अधोसंरचना के क्षेत्र में 82 किमी. नई लाईन एवं दोहरीकरण/तिहरीकरण के कार्य संपन्न, साथ ही 22 आरओबी एवं 42 एलएचएस स्थापित तथा 76 पुलों का पुनरूद्धार किया है। यात्री सुविधाओं में 04 जोड़ी नई ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ, 02 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार एवं 10 स्टेशनों पर 10 जोड़ी ट्रेनों के ठहराव दिये गये हैं तथा 20 जोड़ी गाड़ियों में 53 अतिरिक्त स्थाई कोच एवं पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली स्पेशल ट्रेनों द्वारा कुल 836 फेरे लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्टेशनों पर 11 लिफ्ट, 04 कोच गाइडेंस सिस्टम एवं विभिन्न स्टेशनों पर कुल 396 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं।

**पश्चिम मध्य रेल संरक्षा में कोटा से मथुरा तक 324 किलोमीटर रेलखंड पर स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) कवच 4.0 को स्थापित करने वाला पहला रेलवे जोन बन गया है।**

**पश्चिम मध्य रेल द्वारा एशिया के सबसे बड़े वायडक्ट कटनी अप ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो कि पश्चिम मध्य रेल के लिए बहुत ही गौरव की बात है एवं शीघ्र ही इस पर रेल परिचालन प्रारंभ किया जायेगा।**

रेल सुरक्षा बल द्वारा ''मिशन जीवन रक्षा'' अभियान के तहत 17 यात्रियों की जान बचाई गई तथा 463 बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। इसके साथ ही रेल सुरक्षा बल की 18 महिला टीमों द्वारा ''मेरी सहेली'' अभियान के अंतर्गत 42 हजार से अधिक अकेली महिला यात्रियों को अटेण्ड कर उनकी सहायता की गई। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, स्नूकर, बास्केटबाल एवं बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1कांस्य पदक प्राप्त किया है। साथ ही पश्चिम मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा अंतर रेलवे संगीत प्रतियोगिता 2024 में 03 मैडल तथा अंतर रेलवे नाट्य प्रतियोगिता 2024 में बेस्ट एक्टर अवार्ड प्राप्त किया गया है।

उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, स्काउट एवं गाइड, सिविल डिफेंस, सेंट जॉन एंबुलेंस , मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं विभिन्न एसोसिएशनों को उनके सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

**पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा जागृति (बालगृह) में भी ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय जी द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में मरीजों के स्वास्थ लाभ की जानकारी ली एवं स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की।**

**पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रांगण में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ।** इस अवसर पर मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआर श्री अजय कुमार दीक्षित सहित मुख्यालय कार्मिक विभाग के रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। **जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में मण्डल रेल प्रबन्धकों द्वारा ध्वजारोहण** किया गया।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/305/2025 दिनांक 16.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर